**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 24.09.2025 समय : 0705

<><><><><><>

- संस्कृति मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए सेवा पर्व के तहत द्वीपों में कई गतिविधियों के आयोजन किए जाएंगे।
- 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान' के अंतर्गत, मायाबंदर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया ।
- 'आयुर्वेद लोगों और ग्रह के लिए' विषय पर 10वां आयुर्वेद दिवस कल आयुष ग्राम वंडूर में मनाया गया।
- राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में मलयालम फिल्म अभिनेता मोहनलाल को दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया ।

<><><><><>

संस्कृति मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए सेवा पर्व के तहत कला एवं संस्कृति निदेशालय, पूर्वी क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र के सहयोग से चित्रकला कार्यशाला–सह–प्रतियोगिता का आयोजन करेगा। इस सिलसिले में 26 सितंबर को सुबह 9 बजे से गर्ल्स स्कूल के सभागार में "सेवा पर्व – विकसित भारत के रंग' कला के संग" विषय पर कार्यशाला आयोजित की जाएगी। इसमें कॉलेज और स्कूली छात्रों की श्रेणियों के अंतर्गत प्रविष्टियाँ आमंत्रित किए गए हैं। विजेताओं को नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। कलाकारों और छात्रों के अलावा, आम जनता को भी सेवा–उन्मुख गतिविधियों में भाग लेकर सेवा पर्व में योगदान देने का आग्रह किया गया है। नागरिक अपने योगदान को आधिकारिक अमृत काल पोर्टल और सोशल मीडिया पर हैशटैग SevaParv का उपयोग करके साझा कर सकते हैं। इच्छुक प्रतिभागी कल तक अपने नाम कला एवं संस्कृति निदेशालय में दर्ज करा सकते हैं।

<><><><><>

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत, कल श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के सभी 24 वार्डों में एक विशेष सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें विशेष रूप से एकल–उपयोग प्लास्टिक को हटाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। मोहनपुरा, रत्नम, गांधी मार्केट और बाबू लाइन सहित प्रमुख बाज़ारों में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य दुकानदारों, विक्रेताओं और आम जनता को एकल–उपयोग प्लास्टिक के निषेध पर जानकारी देना था। प्रवर्तन अभियान के दौरान, उल्लंघन करने वालों पर 15,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया और लगभग 22 किलोग्राम प्लास्टिक बैग जब्त किए गए।

<><><><><>

'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान' के अंतर्गत, मायाबंदर स्थित डॉ. आर.पी. अस्पताल, की ओर से आयुष आरोग्य मंदिर, मोहनपुर में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. क्रिस्टीना रॉसिटी,, ने शिविर का पर्यवेक्षण किया। इस अवसर पर आयुर्वेद की चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रियंका इकबाल, होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिव्या सिंह ने लोगों की जांच की। योग प्रशिक्षक पूजा कुमारी ने जीवनशैली में बदलाव और समग्र स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके अलावा गैर–संचारी रोगों की जाँच की गई। आयुष्मान भारत डेटा प्रबंधन टीम ने आभा आईडी और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना– आयुष्मान भारत कार्ड बनाने में सहायता की, जिससे ग्रामीणों को डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं और सरकारी योजनाओं के तहत वित्तीय सहायता प्राप्त हो सके। ग्रामीणों को 'साँप के काटने', रोकथाम, प्राथमिक उपचार प्रबंधन और समय पर रेफरल उपायों के बारे में भी जानकारी दी गई ।

<><><><><>

विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर, पर्यटन विभाग, "पर्यटन और सतत परिवर्तन" विषय पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किए जा रहे हैं। इस अवसर पर कल और 26 सितम्बर को विम्बर्लीगंज मिनी स्टेडियम में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक वॉलीबॉल टूर्नामेंट शामिल है। इसके अलावा संग्रहालयों में निःशुल्क प्रवेश, संगोष्ठी और व्यंजन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को 27 सितंबर को प्रदर्शनी मैदान में पुरस्कृत किया जाएगा।

<><><><><>

'अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस' के अवसर पर, कल ब्लॉक परियोजना कार्यालय, डिगलीपुर की ओर से सीनियर सेकेण्डरी स्कूल के शिक्षकों, अभिभावकों और छात्रों के लिए कार्यशाला और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 'सांकेतिक भाषा अधिकारों के बिना कोई मानव अधिकार नहीं' विषय पर आयोजित किया गया था।

<><><><><><>

10वां आयुर्वेद दिवस कल आयुष ग्राम वंडूर के सामुदायिक भवन में मनाया गया। 'आयुर्वेद लोगों और ग्रह के लिए' विषय पर यह कार्यक्रम स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के आयुष शाखा और अंडमान निकोबार राज्य आयुष सोसायटी द्वारा आयोजित किया गया था। इस अवसर पर उप निदेशक, परिवार कल्याण डॉ. एच.एम. सिद्धाराजू मुख्य अतिथि और क्षेत्र के प्रधान अधीर दास सम्माननीय अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने जीवनशैली संबंधी समस्याओं से निपटने के लिए विभिन्न चिकित्सा प्रणालियों के एकीकरण के महत्व पर जानकारी देते हुए नियमित जाँच की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर आयुर्वेदिक औषधीय पौधों, पंचकर्म प्रक्रियाओं, एनसीडी जांच, स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान, आयुर्वेद चिकित्सा शिविर, एनीमिया जांच शिविर और स्वस्थ भोजन व्यंजन प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया गया। उप स्वास्थ्य केंद्र में 'एक पेड़ माँ के नाम' पहल के तहत एक वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। लोगों को आयुर्वेदिक किट और औषधीय पौधे भी निःशुल्क वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में 200 से अधिक लोगों ने भाग लिया।

<><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने महिला केंद्रित फिल्मों के निर्माण और उन्हें मिल रहे पुरस्कारों पर प्रसन्नता व्यक्त की है। नई दिल्ली में वर्ष 2023 के लिए 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्रदान करते हुए राष्ट्रपति यह बात कही। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि वेव्स बाजार के कारण, देश के कंटेंट क्रिएटर्स को नए बाजार मिल रहे हैं। समारोह में विभिन्न श्रेणियों में कई पुरस्कार प्रदान किए गए। समारोह में महान अभिनेता, निर्देशक और निर्माता, मोहनलाल को सिनेमा क्षेत्र का सर्वोच्च सम्मान, दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार हिंदी फिल्म 'ट्वेल्थ फेल को, 'कटहलः ए जैकफ्रूट मिस्ट्री' को और रॉकी और रानी की प्रेम कहानी को सर्वश्रेष्ठ लोकप्रिय फिल्म का पुरस्कार प्रदान किया गया।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिले की जिला स्तरीय राष्ट्रीय रोल प्ले एवं लोक नृत्य प्रतियोगिता 2025–26 कल गर्ल्स स्कूल के सभागार में आयोजित की गई। इसमें द्वीपों के विभिन्न स्कूलों की छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर दक्षिण अंडमान के उप शिक्षा अधिकारी ज्ञान शील दुबे मुख्य अतिथि थे। उन्होंने छात्राओं को अपनी रचनात्मकता को अपनाने और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता में पी एम श्री सीनियर सेकेण्डरी स्कूल आर के पुर और मॉडल स्कूल विजेता घोषित किए गए।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह समुद्री मत्स्य पालन विनियमन, 2003 के तहत मत्स्य पालन विभाग ने समुद्री शैवाल पालन और मछली एकत्रीकरण उपकरणों की स्थापना सहित मत्स्य पालन के लिए पट्टे पर देने के लिए चिन्हित निर्दिष्ट समुद्री क्षेत्रों को अधिसूचित किया है। यह पहल मत्स्य पालन विभाग द्वारा द्वीपों में समुद्री कृषि गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई है। अधिसूचना को प्रशासन और मत्स्य पालन विभाग की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है।

<><><><><><>

विम्बर्लीगंज के उप–शिक्षा अधिकारी की ओर से 27 सितंबर को 'नॉर्थ बे रोड मैराथन 4.0' का आयोजन किया जाएगा। दौड़ दोपहर तीन बजे से चुन्नाभट्ठा से नॉर्थ बे तक और और वापस चुन्नाभट्टा तक होगा। दौड़ विम्बर्लीगंज शैक्षिक अंचल क्षेत्र के लोगों और स्कूली छात्रों के लिए निःशुल्क है। 10 किमी की दौड़ सभी पुरुषों और स्कूली छात्रों के लिए, जबकि 5 किमी दौड़ महिलाओं और स्कूली छात्राओं के लिए है। पंजीकरण इसी दिन दोपहर 2 बजे से से किया जाएगा।

<><><><><><>